बेसिक शिक्षा विभाग के अंशकालिक अनुदेशकों के बढ़े हुए मानदेय वितरण को लेकर आज प्रदेश भर में उनके सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किये गये। लखनऊ के लोक भवन में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनुदेशकों के सम्मान और बढ़े हुए मानदेय वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अंशकालिक अनुदेशकों का मानदेय नौ हजार रूपये से बढ़ाकर सत्रह हजार रूपये प्रतिमाह कर दिया है। उन्होंने बेसिक शिक्षा को समूची शिक्षा व्यवस्था का नींव बताते हुए कहा कि सरकार ने बेसिक शिक्षा से जुड़े कार्मिकों को सदैव सम्मान की दृष्टि से देखा है।

हम नींव की उपेक्षा करते हैं क्योंकि वह दिखाई नही देता है लेकिन नींव ही अगर मजबूत नहीं होगी तो उसमें एक सशक्त और समर्थ भवन कैसे बन पायेगा। मजबूत ईमारत नहीं बन पायेगी और इसीलिये अनुदेशक हों, शिक्षा मित्र हों, बेसिक शिक्षा परिषद से जुड़े हुए शिक्षकों के मानदेय से जुड़े हुए मामले हों या उनसे जुड़ी अन्य बातें हों। हम लोगों का मानना रहा है कि यह सम्मानजनक होना चाहिए।

अनुदेशकों के सम्मान के लिये लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय ने भी संबोधित किया।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राष्ट्रवाद और भारतीयता के भाव से ही भाजपा कार्यकर्ताओं को समाज में सम्मान मिलता है। श्री योगी आज गोरखपुर में भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पार्टी संस्थापकों ने राष्ट्रहित में जो भी सोचा था, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वह सब कुछ साकार हुआ है।

इसके पहले गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर मुख्यमंत्री ने लोगों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने करीब डेढ़ सौ लोगों की समस्यायें सुनीं और उनके निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जन समस्याओं का समाधान सरकार की प्रतिबद्धता है।

****

गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आर्टिफिशिएल इंटेलीजेंस और डीप टेक्नोलॉजी ही भविष्य की अर्थव्यवस्था के मुख्य आधार होंगे। आज गुजरात के अहमदाबाद में, मिलियन माइंड्स टेक पार्क के पहले चरण का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि भारत विश्व के हर उभरते क्षेत्र में अग्रणी बन गया है।

आने वाले 25 साल में जो सेक्टर विश्व की अर्थनीति को विश्व के अर्थतंत्र को दिशा देंगे। उन सभी क्षेत्र में आज भारत फाउंडर बनकर अपनी मजबूत उपस्थिति को दर्ज करा रहा है और यही बता रहा है कि भारत का भविष्य बहुत सुनहरा है। एआई और डीपटेक के जो भविष्य है इसके लिए टेक पार्क इसको आगे बढ़ाएंगे।

****

सरकार ने चांदी के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना में कहा है कि सोने और प्लैटिनम से मढ़ी हुई चांदी सहित चांदी के आयात की नीति को संशोधित करके मुक्त से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

****

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच ईंधन संरक्षण को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के बाद श्रम विभाग भी तैयारी में जुट गया है। प्रदेश के बड़े उद्योगों और व्यावसायिक संस्थानों को सप्ताह में दो दिन वर्क फ्रॉम होम यानी घर से ही ऑनलाइन माध्यम से काम करने की व्यवस्था लागू करने की सलाह दी जा रही है। श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने विभागीय अधिकारियों को इसके लिये एडवाइजरी जारी करने के निर्देश दिये हैं।

****

लेखपाल भर्ती की इक्कीस मई को होने वाली मुख्य परीक्षा के लिये प्रवेश पत्र उत्तर प्रदेश राज्य अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये हैं। आयोग के परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि अभ्यर्थी निर्धारित शुल्क जमा कर के उसे डाउनलोड कर सकते हैं। सात हजार नौ सौ चौरानबे पदों के लिये होने वाली परीक्षा प्रदेश के चौवालीस जिलों में आयोजित की जायेगी।

****

आज से अधिक ज्येष्ठ मास यानी पुरूषोत्तम मास प्रारम्भ हो गया है। अधिक मास में मथुरा सहित समूचे ब्रजमण्डल में एक माह तक चलने वाले पुरूषोत्तम मास मेला का भी आज से शुभारम्भ हो गया है। ब्रजमंडल के इस मेले में आस्था और विश्वास के साथ श्रद्धालु उमड़ने लगे हैं। इस बीच, श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने गोवर्धन और वृंदावन सहित पूरे ब्रज क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं। भीड़ नियंत्रण के लिए भारी पुलिस बल की तैनाती के साथ–साथ सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से निगरानी की जा रही है।

****

गोरखपुर सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में आज तेज धूप के चलते दिन काफी गर्म रहा। मौसम विभाग ने आगामी कुछ दिनों तक तापमान में वृद्धि होने और लू चलने का अनुमान जताया है। विभाग ने यह पूर्वानुमान भी लगाया है कि मानसून अट्ठारह जून को गोरखपुर के रास्ते प्रदेश में दस्तक देगा। इस वर्ष मानसूनी सीजन में सामान्य से कम वर्षा की संभावना है।

****